महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

**डॉ. मनोज कुमार राय / Dr. Manoj Kumar Rai**
**नोडल अधिकारी / Nodal Officr**
सामुदायिक महाविद्यालय / Community College

दिनांक- 10/3/2016

## सूचना

प्राय: यह देखा गया है कि भारत में सामान्य शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण अलग-अलग कार्य कर रहे हैं । इन दोनों के बीच विचारों का आदान-प्रदान लगभग न के बराबर है। फलस्वरूप व्यावसायिक शिक्षा की ओर बढने वाले विद्यार्थियों के मन में यह संदेह बना रहता है कि यदि एक बार इस रास्ते पर आग बढ़ गये तो भविष्य में दुबारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना असम्भव हो जायेगा । यह चिंता अकारण भी नहीं है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए सामान्य शिक्षा से व्यावसायिक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा से सामान्य शिक्षा की ओर जाने को सुसाध्य बनाने के लिये यूजीसी ने राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क के तहत सामुदायिक महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति दी है जिसके अंतर्गत वर्तमान में 'डिप्लोमा इन टेक्स्टाइल टेक्नोलाजी' का पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है।

सामुदायिक महाविद्यालय की ओर से दिनांक **13 मार्च 2016 को पूर्वाह्न 10 बजे** से विश्वविद्यालय के **हबीब तनवीर सभागार** में एक **राष्ट्रीय संगोष्ठी** का आयोजन किया जा रहा है जिसका विषय है-**'भारतीय वस्त्र-उद्योग में कौशल विकास'**। इस संगोष्ठी के माध्यम से टेक्स्टाइल के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसर तथा स्वरोजगार की सम्भावनाओं पर विचारों / सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जायेगा । सामुदायिक महाविद्यालय के सभी छात्र राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रित हैं।

(मनोज कुमार राय)

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. कार्यालय प्रति
4. लीला प्रभारी (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा -442001 (महाराष्ट्र), भारत, दूरभाष 07152-231312
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra),INDIA
Email: ccmgahv@gmail.com, Website: www.hindivishwa.org